कोटद्वार, शनिवार
10 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 106 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### यूपी के कब्जे वाली संपत्तियों पर दोबारा दावा करेगी सरकार

देहरादून। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में स्थित यूपी के नियंत्रण वाली संपत्तियों को पाने के लिए सरकार नए सिरे से प्रयास करेगी। हालांकि परिसंपत्ति बंटवारे में एक बार पूर्व में सहमति बन चुकी है। लेकिन राज्य हित में सरकार दोबारा से पहल करने जा रही है। शुक्रवार को केंद्रीय बजट और जीएसटी कौंसिल की संस्तुतियों पर राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में अग्रवाल कहा कि अधिकारियों को इसकी तैयारी करने के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के स्वामित्व वाली हरिद्वार की 697 हेक्टेयर भूमि यूएसनगर में 232 हेक्टेयर, चंपावत में 208 हैक्टेयर भूमि पर यूपी का नियंत्रण है। राज्य के भीतर की संपत्ति पर दूसरे राज्य का स्वामित्व विसंगतिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बिल लाओ ईनाम पाओं के तहत राज्य कर विभाग के पोर्टल पर 6.46 लाख बिल अपलोड हुए हैं। इनके जरिए 260 करोड़ रुपये की खरीद हुई है। सकारात्मक नतीजों को देखते हुए इस योजना और आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्य कर आयुक्त को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

### टिहरी में स्पोर्ट साइंस सेंटर के लिए 1.05 करोड़ मंजूर

देहरादून। टिहरी में आने वाले दिनों में भारतीय एथलीटों को क्याकिंग और कैनोइंग का विश्व स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। यहां कोटेश्वर में स्पोर्ट्स साइंस सेंटर के विकास के लिए रु 1.05 करोड़ रुपये मंजूर हो गए हैं। नई दिल्ली में शुक्रवार को हुए एक कार्यक्रम में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) और टीएचडीसी के बीच इसे लेकर समझौता हुआ। इरेडा की ओर से स्पोर्ट साइंस सेंटर के लिए 1.05 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। समझौते पर एरेडा के एडिशनल जनरल मैनेजर(एचआर) ड्यूरे शाहवार, टीएचडीसीआईएल क जनरल मैनेजर(एसएंडई) अमरदीप ने हस्ताक्षर किए। कोटेश्वर में स्पोर्ट साइंस सेंटर हॉल लगभग 298 वर्गमीटर में विकसित किया जाएगा। इसमें क्याकिंग और कैनोइंग में भारतीय एथलीट्स को प्रशिक्षण देगा। इरेडा के सीएमडी प्रदीप कुमार दास ने बताया कि स्पोर्ट साइंस सेंटर हॉल का विकास विश्वस्तरीय एकेडमी के सुनियोजित विकास की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। इरेडा का उद्देश्य खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और क्याकिंग, कैनोइंग में उनके परफोर्मेन्स में सुधार लाने के लिए उन्हें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है।मौके पर सीएमडी इरेडा प्रदीप कुमार दास, डायरेक्टर फाइनेंस एंड प्रोजेक्ट्स डा. बिजय कुमार मोहंती, टीएचडीसीआईएल के डायरेक्टर पसीनल शैलिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा सुनिश्चित करे केंद्र सरकारः हरीश

देहरादून। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने सम्पर्कों का इस्तेमाल कर हिंदुओं की रक्षा सुनिश्चित करे।हरीश रावत ने कहा कि बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं और उनकी संपत्तियों को नुकसान के बाद सबसे अधिक नुकसान हिंदुओं को पहुंचाया जा रहा है। हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उनको मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियों को जलाया जा रहा है। उनके विश्वास के केंद्रों और धर्म स्थलों को तोड़ा फोड़ा जा रहा है। कहा कि अमेरिका जो दुनिया भर में मानवाधिकार का पैगंबर बनकर पुलिसिंग करता रहता है, बांग्लादेश के हालात पर उसने भी आंखें मूंद रखी हैं।

### ट्राली की चपेट में आया युवक, मौत

चमोली : प्राणमति नदी पर शुक्रवार को निर्माणाधीन ट्रॉली के रस्सी की चपेट में आया युवक ट्रॉली के साथ घिसड़ते चला गया और पहाड़ी से नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों के द्वारा जब उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुंचाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थराली के प्राणमति नदी पर लोक निर्माण विभाग थराली द्वारा एक ट्राली लगाई जा रही थी। ट्राली का कार्य पिछले चार-पांच दिनों से शुरू हुआ था। शुक्रवार की सुबह थराली गांव निवासी विनोद बिष्ट भी ट्राली के नजदीक पहुंचा। ट्राली से कुछ लोग बाहर जा रहे थे कि अचानक ही ट्राली को खींचने वाला रस्सा पीछे की तरफ घूम गया और उसका पांव रस्सी की लपेट के साथ आ गया। देखते ही देखते युवक जिस स्थान पर ट्राली लग रही है उस पहाड़ी से नीचे गिर गया।

## बीएसएफ अलर्ट, भारत आने के लिए जलपाईगुड़ी में एकत्रित हुए 300 बांग्लादेशी

जलपाईगुड़ी ,बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हो रहे हमलों के बीच 300 बांग्लादेशी भारत के जलपाईगुड़ी जिल के समीप एकत्रित हुए। वह भारत आने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, बॉर्डर पर तैनात फोर्स ने उन्हें हटा दिया। दरअसल, बांग्लादेश में जब से आरक्षण की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन हिंसा में बदला है, बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बढ़ता चला गया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल किए गए। हालांकि, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। पीएम मोदी ने मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में सामान्य स्थिति के शीघ्र बहाल होने की उम्मीद जताई और देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण की अपील की। पीएम ने एक्स पर लिखा, प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को उनकी नई जिम्मेदारियां संभालने पर मेरी शुभकामनाएं। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी और हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। भारत शांति, सुरक्षा और विकास के लिए दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूनुस एक सामाजिक उद्यमी और बैंकर हैं, जिन्हें उनके माइक्रो फाइनेंस कार्य के लिए 2006 का नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। बता दें कि बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के मद्देनजर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोडऩा पड़ा और वे भारत आ गई हैं। वहीं, बांग्लादेश में पैदा हुई अराजकता की स्थिति में बांग्लादेश और भारत जोडऩे वाले बॉर्डर पर बीएसएफ द्वारा सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, बांग्लादेश से सटे पांच राज्यों में सुरक्षा के मद्देनजर हाई अलर्ट कर दिया गया है। जिन राज्यों में हाई अलर्ट है, इनमें पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मिजोरम और मणिपुर है।

### 21 अगस्त से गैरसैंण में आरंभ होगा विस का मानसून सत्र, अधिसूचना जारी

देहरादून। राज्य विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में आयोजित होगा। तीन दिवसीय सत्र को लेकर राज्यपाल से अनुमति मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचम विधानसभा सत्र के द्वितीय सत्र के दौरान उनके संबंधित विभागों से प्राप्त होने वाले समस्त प्रश्नों के उत्तर के अनुमोदन के लिए तथा विधानसभा में प्रश्नों के उत्तर देने व समस्त विधायी व संसदीय कार्यों के लिए मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को नामित किया है। सरकार ने कुछ समय पहले मानसून सत्र गैरसैंण में कराने का निर्णय लिया था। इसकी स्वीकृति के लिए पत्रावली राजभवन भेजी गई थी। राजभवन से अब इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इस कड़ी में विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना व कार्यक्रम जारी कर दिया है। सत्र के पहले दिन 21 अगस्त को सदन के पटल पर अध्यादेश रखे जाएंगे और विधायी कार्य होंगे। 22 अगस्त को विधायी कार्य किए जाएंगे। 23 अगस्त को विधायी व असरकारी कार्य किए जाएंगे।

### टैक्सी ड्राइवर ने नहीं मानी बात

## उफनते नाले में उतारा वाहन और बह गईं सभी सवारियां

टनकपुर। टैक्सी चालक की मनमानी कई जिंदगियों पर भारी पड़ी और मां पूर्णागिरि धाम को जाने वाली सड़क पर आए बरसाती नाले के तेज बहाव में वाहन बह गया। हादसे में महिला की मौत की सूचना आ रही है। चार घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ बचाओ अभियान चलाए हुए हैं।

**वाहन में नौ यात्री थे सवार**

शुरुआती जानकारी के अनुसार नाले में बहे वाहन में नौ यात्री सवार बताए जा रहे हैं। पांच यात्रियों को बाहर निकल गया है इनमें एक की मौत हो गई है, जबकि तीन महिला और एक पुरुष अस्पताल में भर्ती हैं। लापता चार यात्रियों की तलाश जारी है।

**तेज वर्षा में नाला उफान पर आया**

टनकपुर से पूर्णागिरि धाम को जाने वाली सड़क पर किरोड़ा नाला बहता है। आमतौर पर सूखी रहने वाली सड़क पर बरसात में अक्सर नाला बहने लगता है। शुक्रवार सुबह तेज वर्षा में नाला उफान पर आ गया। इस दौरान टैक्सी वाहन नाले के तेज बहाव में बह गई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें रोका, लेकिन चालक ने पानी के तेज बहाव के बीच वाहन आगे बढ़ा दिया। देखते–देखते वाहन सड़क से नीचे उतर गया और नाले के तेज बहाव में बहने लगा। कार के बहते ही सीख पुकार मच गई। यात्री उग्रम सिंह नगर जिले के बताए जा रहे हैं। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि राहत बचाव कार्य जारी है।

## कांग्रेस और राहुल गांधी पर अनुराग ठाकुर का हमला

● पूछा बांग्लादेश के हिंदुओं पर चुप्पी क्यों?

नई दिल्ली ,लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे गाजा की चिंता करते हैं। लेकिन, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी और कहा कि हमारे जो हिंदू और अलल्पसंख्यक वहां पर हैं, उनकी सुरक्षा और विकास सुनिश्चित की जाए। लेकिन, कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को बधाई देते समय हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष ने जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को बधाई दी, तब उन्होंने वहां के हिंदुओं की सुरक्षा की कोई बात नहीं की, ना ही उसका उल्लेख किया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सवाल करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात नहीं कर सके। गाजा को लेकर आप लोगों (कांग्रेस) ने बड़ी–बड़ी बातें की, लेकिन यहां आपने नहीं की।

बता दें कि शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में शपथ ली।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बदली एक्स प्रोफाइल तस्वीर, हर घर तिरंगा अभियान से जुडऩे की अपील की

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स की प्रोफाइल तस्वीर बदल दी है। अब उस पर भारत का तिरंगा लहरा रहा है। पोस्ट में पीएम ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुडऩे की अपील की है। उन्होंने अपनी प्रोफाइल फोटो बदलने के साथ ही लिखा इस साल स्वतंत्रता दिवस के करीब आते ही आइए हम सब मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफ़ाइल तस्वीर बदल रहा हूं और मैं आप सभी से भी यही आग्रह करता हूं कि आप भी मेरे साथ मिलकर हमारे तिरंगे का जश्न मनाएं। और हां, अपनी सेल्फी जरूर शेयर करें।

इससे पहले उन्होंने भारत छोड़ों आंदोलन को लेकर भी ट्वीट किया। एक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा बापू के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि। यह वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण क्षण था। बता दें, 9 अगस्त से एक दिन पहले 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद किया था। अगले दिन से ही आजादी की इस लड़ाई में जनता शामिल हो गई और अंग्रेजों से डटकर मुकाबला करती रही।

## मुख्य सचिव रतूड़ी ने कृषि व उद्यान विभाग को सभी पॉलिसी के अन्तिम प्रस्ताव भेजने की डेडलाइन दी

देहरादून। उत्तराखण्ड में मिलेट पॉलिसी, हाई टेक एप्पल नर्सरी पॉलिसी, पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रा पॉलिसी, कीवी फार्मिंग पॉलिसी, हनी पॉलिसी, महक रेव्ल्यूशन पॉलिसी, झंगौरा के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के निर्धारण पर तेजी कार्य चल रहा है। इसके साथ ही राज्य में सेब उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों की सुविधा व हित को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में सेतु आयोग व कृषि एवं उद्यान विभाग की बैठक में हाई डेनस्टि एप्पल पॉलिसी में संशोधन के प्रस्ताव को अन्तिम रूप देने के लिए उद्यान विभाग को 15 दिन की डेडलाइन दी है। इस सम्बन्ध में सब्सिडी वितरण को तीन किस्तों में 80 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 10 प्रतिशत किये जाने पर चर्चा की गई। वर्तमान पॉलिसी के तहत 171 एकड़ क्षेत्र में सेब उत्पादन के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अभी तक 436 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

हाईटेक एप्पल नर्सरी पॉलिसी के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सभी स्टेकहॉल्डर्स के साथ चर्चा करने के बाद पॉलिसी को अन्तिम रूप में जल्द से जल्द प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रा पॉलिसी में वांछित संशोधन के बाद इस राज्य से फंडिग करवाने के साथ अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं।

कीवी क्लटीवेशन पॉलिसी को एक सप्ताह से पहले अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने का निर्देश देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में कीवी उत्पादकों को 80 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 10 प्रतिशत की तीन किस्तों में सब्सिडी वितरण पर चर्चा की है।

राज्य में एकीकृत मधुमक्खी उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाई जा रही हनी पॉलिसी को अन्तिम रूप से प्रस्तावित करने के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उद्यान विभाग को 4 सप्ताह की डेडलाइन दी है। उन्होंने मिलेट पॉलिसी में वाछिंत संशोधन कर इसे भी जल्द से जल्द अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। मिलेट पॉलिसी के तहत मिलेट्स की उत्पादकता बढ़ाने तथा क्षेत्र विस्तार पर फोकस किया जाएगा। सीएस ने निर्देश दिए हैं कि राज्य में गेहूँ व चावल की खेती से मिलेट्स की खेती में शिफट करने के विजन के साथ पॉलिसी पर कार्य किया जाए। उन्होंने मिलेट्स की खेती से राज्य के किसानों को मिलने वाले कार्बन क्रेडिट पर भी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने झंगौरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को निर्धारित करने के प्रस्ताव को भी जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में मिलेट्स उत्पादन की सटीक आंकड़े जुटाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में फलोरीकल्चर की अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हल्द्वानी व ऋषिकेश में फूलों की मंडी स्थापित करने की कार्ययोजना पर कार्य करने के साथ ही मंडियों तथा विभागों के मध्य समन्वय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में सप्लाई चेन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं।

## यमुना नदी हमारी मां, आज वेंटिलेटर पर : स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली ,यमुना नदी हमारी मां है और आज वह वेंटिलेटर पर है। दिल्ली में यमुना नदी को साफ करने के लिए हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए गए लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को यह बात राज्यसभा में कही गई।आम आदमी पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना को साफ करने का वादा किया था। कहा था कि वह यमुना नदी को इतना साफ कर देंगे कि इसमें डुबकी लगा सकते हैं।

यमुना नदी का विषय राज्यसभा में उठाते हुए स्वाति मालीवाल ने कहा कि हजारों करोड़ रुपए खर्च हुए, बावजूद इसके स्थिति वैसी की वैसी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले बहुत भाग्यशाली हैं कि यहां से यमुना नदी गुजरती है। यमुना नदी का उल्लेख हमारे वेदों और महाभारत में भी मिलता है। लेकिन दुख की बात है कि यह नदी हमारी नाकामी की वजह से एक तरीके से नाला बन गई है। इस नदी की सदियों से पूजा होती आई है, लेकिन आज दिल्ली के 22 बड़े नाले यमुना नदी में गिरते हैं। उन्होंने बताया कि 238 मिलियन गैलन सीवर की गंदगी हर दिन यमुना नदी में गिरती है। इससे हालात यह हो गए हैं कि यमुना नदी में जहरीला झाग ज्यादा दिखता है और पानी कम। यमुना नदी का एक बहुत छोटा सा अंश दिल्ली से होकर गुजरता है लेकिन इसमें से भी 76 प्रतिशत हिस्सा प्रदूषित है। उन्होंने कहा कि हालत बहुत खराब है। 55 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की तुरंत आवश्यकता है। इसमें से दिल्ली में सिर्फ 35 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट हैं, जिसमें से 22 उस स्तर के नहीं हैं। राज्यसभा में उन्होंने बताया कि दिल्ली में हर दिन अवैध तरीके फैक्ट्रियों से हेवी मेटल और जहरीले केमिकल यमुना नदी में छोड़े जाते हैं। इसकी वजह से हमारी जिंदगी में जहर घोला जा रहा है जिसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि 2021 में दिल्ली सरकार ने यमुना नदी को 2025 से पहले साफ करने का वादा किया था।

### सलमान खुर्शीद को स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की चेतावनी

वाराणसी ,बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर अखिल भारतीय संत समिति की प्रतिक्रिया सामने आई है। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदू समाज हाथ में चूडियां पहनकर नहीं बैठा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव से लेकर विपक्ष का हर एक नेता फिलिस्तीन और यूक्रेन मामले पर ट्वीट कर रहा था। वो लोग आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप क्यों हैं? विपक्ष इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे हुए है ? ठीक है बांग्लादेश में एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चुनी हुई सरकार को सेना ने हटाकर प्रधानमंत्री शेख हसीना से इस्तीफा लिया। वहां शांति स्थापित हो। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि भारत में धार्मिक असमानता का राग अलापने वाली अमेरिकी एजेंसियां, अंतर्रराष्ट्रीय ह्यूमन राइट कमीशन और संयुक्त राष्ट्र संघ बांग्लादेश में हिंदू अत्याचार पर चुप क्यों हैं ? बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस ने भी यह माना है कि उनके देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हुआ है।

## हिजाब पर बैन, तिलक–बिंदी पर क्यों नहीं? सुप्रीमकोर्ट ने कॉलेज के आदेश पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली ,उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के एक कॉलेज में विद्यार्थियों के हिजाब, नकाब, टोपी या धार्मिक बैज के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले परिपत्र के जरिए जारी आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कॉलेज की ओर से इस तरह का परिपत्र जारी करने पर हैरानी जताई और इसे जारी करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कई सवाल पूछे। पीठ ने कॉलेज प्रशासन से यह भी पूछा कि आजादी के इतने सालों बाद अचानक यह परिपत्र जारी करने का फैसला क्यों किया गया? इस पर कॉलेज की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि कॉलेज की स्थापना 2008 में की गई थी। शीर्ष अदालत ने परिपत्र पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर 2024 को करेगी। पीठ ने हालांकि, स्पष्ट किया कि कक्षाओं में बुर्का की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस आदेश का कोई भी दुरुपयोग नहीं करेगा। सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने कॉलेज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान से पूछा, यह निर्देश क्या है? ऐसा कुछ भी न पहनें जिससे धार्मिक पहचान का पता चले। क्या नाम से धार्मिक पहचान का पता नहीं चलेगा? इस पर अधिवक्ता ने कहा कि ये बातचीत में बाधाएं हैं। कॉलेज सह–शिक्षा वाला निजी गैर–सहायता प्राप्त संस्थान है, जिसकी स्वायत्तता नहीं छीनी जा सकती। छात्राएं हमेशा से इसे नहीं पहनती रही हैं। उन्होंने कहा कि केवल तीन लड़कियों को इससे समस्या है। पीठ ने अधिवक्ता से पूछा, क्या यह लडक़ी पर निर्भर नहीं करता कि वह क्या पहनना चाहती है। क्या आप कह सकते हैं कि तिलक लगाने वाले को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए? इन दलीलों के बाद पीठ ने कहा कि वह परिपत्र पर रोक लगाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष पीड़ित छात्राओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस पेश हुए। कॉलेज की छात्राओं ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें मुंबई के एक निजी कॉलेज द्वारा अपने परिसर में छात्राओं द्वारा हिजाब, नकाब, बुर्का, टोपी आदि पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया था।

## जम्मू–कश्मीर में होंगे विधानसभा चुनाव

जम्मू ,निर्वाचन आयोग ने जम्मू–कश्मीर में विधान सभा चुनाव शीघ्र कराने का संकेत देते हुये शुक्रवार को कहा कि एक बार यह प्रक्रिया घोषित कर दिए जाने के बाद कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर का दो दिन का दौरा करने के बाद यहां एक संवाददाता सम्मलेन में कहा, जम्मू–कश्मीर में विधान सभा चुनाव का सपना साकार करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा,जम्मू–कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया घोषित होने के बाद कोई भी अंदरुनी और बाहरी ताकत चुनाव प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। उन्होंने कहा कि इस सीमावर्ती क्षेत्र में चुनाव कराना एक चुनौती भरा काम जरूर है, लेकिन कोई यह नहीं कह सकता कि विधान सभा चुनाव को रोका जा सकता है। कुमार ने कहा कि उनके जम्मू–कश्मीर दौरे में हर पक्ष ने यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव में उनकी पूरी भागीदारी और इसे संपन्न कराने में उनका पूरा सहयोग होगा।

### नितिन गडकरी और हरीश रावत ने मनु भाकर को दी बधाई

नई दिल्ली , एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतकर भारतीय स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रचा है। केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने मनु भाकर से मिलकर उनको बधाई दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मनु भाकर से मुलाकात की और पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने पर उनको बधाई दी। उन्होंने भाकर की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही गडकरी ने उनकी निरंतर सफलता और भविष्य में कई उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गौरव का स्त्रोत बताया। दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय महिला शूटर मनु भाकर और उनके माता–पिता से मुलाकात की।

## मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने पर सभा में रो पड़ीं आतिशी

नई दिल्ली ,आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने की बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी द्वारका के सवोदय विद्यालय नसीरपुर में बोलते हुए रो पड़ीं।जनसभा में सिसोदिया को मिली जमानत के बाद भावुक होकर उन्होंने सब को बधाई देते हुए कहा, दिल्ली में शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया को 17 महीने तक एक झूठे केस में फंसा कर जेल में बंद रखा गया। मैं दिल्ली के बच्चों को बधाई देना चाहती हूं। दिल्ली की शिक्षा क्रांति के जनक को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। बता दें, शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कथित शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। वो शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में 17 महीने से जेल में थे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। हालांकि सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनीष सिसोदिया को लंबे समय से जेल में रखा गया है। बिना सजा के किसी को इतने लंबे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि निचली अदालत ने राइट टू स्पीडी ट्रायल को अनदेखा किया है और मेरिट के आधार पर जमानत रद्द नहीं की थी। मनीष सिसोदिया ने सीबीआई मामले में 13 और ईडी मामले में निचली अदालत में 14 अर्जियां दाखिल की थीं। इससे पहले मंगलवार को पीठ ने केंद्रीय एजेंसियों के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू और सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा उठाए गए तर्क सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सीबीआई और ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि गोवा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 45 करोड़ रुपये की राशि जांच के दौरान बरामद कर ली गई है। एएसजी ने कहा, गोवा चुनाव के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। इसमें से हम 45 करोड़ रुपये की राशि बरामद कर चुके हैं। हमारे पास डिजिटल साक्ष्य हैं। बहुत सारे साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के प्रभारी थे और सह–आरोपी विजय नायर को रिश्वत लेने का काम सौंपा गया था।

## संपादकीय

# नाबालिगों पर मंडराती मौत

किसी भी परिवार के लिए उनके बच्चों के जान के हानि से बड़ा दुख और कोई नहीं है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओं में ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक होती है जो नाबालिक है और अभिभावकों द्वारा उन्हें वाहन देने की एक बड़ी कीमत ताउम्र चुकानी पड़ती है। पुलिस द्वारा नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने से रोकने के कई अभियान चलाए जाते हैं तो व्यापक तौर पर पुलिस के ऐसे अभियानों को आलोचनाओं का शिकार भी बनना पड़ता है। वही पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद भी नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोकथाम नहीं लगाई जा पाती। राजधानी देहरादून में ऐसे ही एक हादसे में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिम एक की मृत्यु हो गई तो दूसरा जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। दोनों छात्र मात्र 16 वर्ष के हैं और स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। रास्ते में एक जीप ने उन्हें टक्कर मारी और यह बड़ा हादसा हो गया। एक परिवार का चिराग बुझ गया तो दूसरे परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है। आज के दौर में स्कूली छात्रों के लिए भागा दौड़ी का पैमाना बहुत बढ़ चुका है।इस बात से भी इनकार नहीं है कि बिना दुपहिया के शिक्षा से लेकर दूसरी दैनिक गतिविधियों को समय दे पाना बेहद मुश्किल है। यही कारण है कि अभिभावक वाहन चलाने के नियमों की अनदेखी कर बच्चों को गाड़ियां थमा देते हैं लेकिन हादसे कभी कह कर नहीं आते और जब आते हैं तो जिंदगी भर की टीस देकर चले जाते हैं। बाद में स्थितियों को संभालने और कोन के अलावा कुछ हाथ नहीं लगता लेकिन इस सबके बावजूद भी अपने सामने कई घटनाएं होते देखा यह सब चलता रहता है। परिवहन एवं पुलिस विभाग की ओर से नियमित तौर पर नाबालिक बच्चों के लिए वाहन न चलाने जैसे टिप्स जारी किए जाते रहे हैं लेकिन अब तो इस प्रकार की नसीहतें भी मैच औपचारिकताएं मात्र रह गई है और इन पर अमल करने में ना तो सरकारी विभाग, अभिभावक और ना तो विद्यालयों को ही कोई लेना–देना है। बचाव का पहला चरण अपने ही घर से शुरू होता है जिसमें अभिभावक नाबालिक बच्चों को वाहन देकर इसकी शुरुआत कर सकते हैं, दूसरी जिम्मेदारी है शैक्षिक संस्थानों की जो यह सुनिश्चित करें कि कितने नाबालिक बच्चे स्कूल में मानकों के विपरीत वाहन लेकर आते हैं? बुनियादी स्तर पर इन दोनों चरणों में ही पूरी तरह से लापरवाही एवं अनदेखी की जाती है और ऐसे हाथ से आने के बाद पुलिस और यातायात प्रबंधन कुछ समय के लिए सड़कों पर उतरकर अभियान चलता है लेकिन ऐसे अभियानों की नियती ज्यादा नहीं चलती और कुछ ही दिनों में सब कुछ पहले जैसा नियम विरुद्ध चलने लगता है। साफ है कि अपनी सजगता और बचाव ही सबसे बड़ा हथियार है लेकिन यही सबसे अधिक अनदेखी जाती है। जिन घरों के चिराग बुझ जाते हैं वह फिर कभी रोशन नहीं होते लेकिन यह समझना जरूरी होगा की ऐसी घटनाओं को महज समाचार पत्रों की चंद पंक्तियां समझकर आंखें न मूंद ली जाएं। दुखों का पहाड़ किसी परिवार पर तो टूटता ही है क्या पता कल किसकी बारी हो? सभी स्तर पर यह जरूरी है कि वाहन चलाने के नियमों का पालन किया जाए, खासतौर से नाबालिक बच्चों को वाहन देने की प्रवृत्ति पर अब नरमी नहीं बल्कि सख्ती के साथ रोकथाम लगाने की जरूरत है। यातायात पुलिस को इस दिशा में अब और अधिक सजल होने की जरूरत है तथा अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मुहिम शुरू की जानी चाहिए। विद्यालय प्रबंधन भी अपनी भूमिकाओं से बच नहीं सकता और यदि स्कूलों में नाबालिक छात्र वाहन लाते हुए पकड़े जाएं तो ऐसे स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई करने का रास्ता निकालना चाहिए। जब किसी की जिंदगी का सवाल हो तो कुछ कड़े एहतियाती कदम उठाना देश और समाज दोनों के लिए ही सर्वोपरि बन जाता है।

# सरकार की ओर से कोई खास प्रगति नहीं

**मुख्यमंत्री धामी ने तभी कहा था कि जोशीमठ समेत कई पहाड़ी शहरों की भार वहन क्षमता का आकलन किया जाएगा जो अब तक नहीं हुआ है। इसी नौ जुलाई को प्रातः बदरीनाथ मार्ग पर पाताल गंगा के पास पलंयकारी भूस्खलन टूटते पर्वत खंड के भारी गुबार के साथ हुआ जिसका वीडियो देश–विदेश में काफी वायरल रहा। गनीमत थी कि उसके नीचे वहां वाहन नहीं थे। कोई चौरासी घंटों के बाद किसी तरह रास्ता खुला। हजारों लोगों को जोशीमठ में रुकना पड़ा। जोशीमठ प्रवेश के एक किमी. पहले भी भूस्खलन था किन्तु फिर भी राज्य सरकार की चिंता में तब बदरीनाथ विधानसभा सीट का दस जुलाई को होने वाला उपचुनाव ही था।**

**वीरेन्द्र कु. पैन्यूली**

यह दुखद ही है कि जनवरी, 2023 में जब जोशीमठ में घरों में दरार दिखना, उनके चौड़ा होना, उनसे पानी फूटने पर सरकार ने जो चिंता दिखाई थी, वह मार्च, 2023 से गायब ही बनी हुई है।

आज तो रुख ऐसा है कि जैसे कुछ हुआ ही न हो। जोशीमठवासी कहते हैं कि जनवरी और फरवरी, 2023 में सरकार के जिन आासनों पर आंदोलन रोका गया था उन पर आज तक सरकार की ओर से कोई खास प्रगति नहीं हुई है। नगर में राहत, पुनर्वास, ड्रैनेज, भूधंसाव, भूस्खलन और भूबहाव की समस्याएं जस की तस हैं। इनका जमीनी निदान न होने से स्थानीय निवासी आहत हैं। अब जब उन्होंने मार्च, 2024 में राज्य सरकार को भी बता दिया है कि वे जोशीमठ में ही रहेंगे। तब तो संवेदना जगती। लगातार भूस्खलन उन्हें डरा भी रहे हैं।

जमीनी काम कुछ नहीं हो रहा है। इसकी पुष्टि 15 जुलाई, 2024 को एनजीटी ने भी कर दी है। स्पष्ट रूप से उत्तराखंड के मुख्य सचिव को बता दिया गया है कि जोशीमठ पर राज्य सरकार के जून माह के जवाबों से संतुष्ट नहीं है। साफ है कि जोशीमठ पर कोई जमीनी काम नहीं हुआ है। केवल समीक्षाएं और मीटिंग हो रही हैं। प्रदूषण पर भी कोई काम नहीं हुआ। भार वहन क्षमता पर भी कोई काम नहीं हुआ है। स्मरण रहे कि इसरो की जनवरी, 2023 दूसरे सप्ताह में सार्वजनिक हुई उपग्रहीय तस्वीरों और आंकड़ों के विलेषणों के अनुसार जोशीमठ तब के पिछले सात महीनों में 9 सेमी. और तात्कालिक बारह दिनों में 5 सेमी. धंसा था। इस पर प्रधानमंत्री ने 8 जनवरी, 2023 को स्वयं मुख्यमंत्री से बात की थी। तभी प्रधानमंत्री के सचिवालय में मीटिंग हुई थी। 8 जनवरी, 2023 को राज्य सरकार ने जोशीमठ को लैंडस्लाइड्स एंड सबसीडेंस जोन घोषित कर दिया था। घोषणा अस्तित्व में है।

मुख्यमंत्री धामी ने तभी कहा था कि जोशीमठ समेत कई पहाड़ी शहरों की भार वहन क्षमता का आकलन किया जाएगा जो अब तक नहीं हुआ है। इसी नौ जुलाई को प्रातः बदरीनाथ मार्ग पर पाताल गंगा के पास पलंयकारी भूस्खलन टूटते पर्वत खंड के भारी गुबार के साथ हुआ जिसका वीडियो देश–विदेश में काफी वायरल रहा। गनीमत थी कि उसके नीचे वहां वाहन नहीं थे। कोई चौरासी घंटों के बाद किसी तरह रास्ता खुला। हजारों लोगों को जोशीमठ में रुकना पड़ा।

जोशीमठ प्रवेश के एक किमी. पहले भी भूस्खलन था किन्तु फिर भी राज्य सरकार की चिंता में तब बदरीनाथ विधानसभा सीट का दस जुलाई को होने वाला उपचुनाव ही था। विडम्बना है कि यह भूस्खलन और उसके बाद रह–रह कर होते भूस्खलन उत्तराखंड सरकार के आपदा सचिव के जोशीमठ के नागरिकों को जोशीमठ में ही मार्च–अप्रैल, 2024 में यह जानकारी साझा करने के बाद हो रहे थे कि अगले तीन सालों में जोशीमठ का स्थिरीकरण कर दिया जाएगा। जोशीमठ संघर्ष समिति के अतुल सती का कहना था कि यदि ऐसा होना है तो जोशीमठवासियों को क्यों हटाया जा रहा है।यह स्थिरीकरण हो सकता है, ऐसा कोई वैज्ञानिक शायद ही माने। 1976 की जोशीमठ पर मिश्रा रिपोर्ट में भी कहा गया था कि जोशीमठ पुराने भूस्खलन के मिट्टी और पत्थर के मलबे पर स्थित है। कोई ठोस चट्टान का आधार नहीं है। नीचे जोशीमठ में आधार पर अलकनंदा–धौलीगंगा कटान कर रही हैं। यहां निरंतर धंसाव हो रहा है और नये निर्माण से परहेज किया जाना चाहिए। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी ने भी सितम्बर, 2023 में ही जोशीमठ पर अपनी वैज्ञानिक रिपोर्ट में चेतावनी दे दी थी कि उसके जियोफिजिकल अनुसंधानों से पता चला है कि जोशीमठ के

मनोहरबाग में पांच से तीस मीटर गहराई में नया उच्च भूस्खलन प्रभावित जोन मिला है। यहां से पानी की निकासी ठीक नहीं होने से दिक्कतें बढ़ सकती हैं और भारी भूस्खलन हो सकता है। स्मरण रहे कि जोशीमठ के मनोहरबाग वार्ड और मारवाड़ी वार्ड में ही भारी मात्रा में 2 जनवरी, 2023 को भूधंसाव हुआ था। सैकड़ों घरों और होटलों पर में दरारें आ गई थीं। जगह–जगह सडक़ें भी धंसी थीं। मनोहरबाग वार्ड में सुरक्षा के तौर पर दो होटलों मांडंट व्यू और होटल मलारी का ध्वस्तीकरण किया गया अर्थात जोशीमठ में नौ जुलाई के बाहरी भूस्खलनों के अलावा भीतर के भूस्खलनों, भूफिसलावों के जो खतरे हैं, वाडिया संस्थान इन्हीं से आगाह कर रहा है।जोशीमठ जिस हिमोड में बसा है, उसके मिट्टी, मलबा, पत्थरों में पानी का भीतर रिसना आसान रहता है। भीतर पहुंचा पानी ग्रीजिंग सा असर दे भूखंड फिसलावों की गति में तेजी ले आता है। ऐसे में सैकड़ों हजारों साल पुराने ठोस लगते विशालकाय हिमोड क्षेत्र भी नीचे खिसकने लगते हैं जिससे भवनों का धंसना, तिरछा होना भी हो सकता है। जीएसआई ने भी जोशीमठ में 81 दरारें चिन्हित की थीं। इनमें से 42 वो थीं जो जनवरी, 2023 के भूधंसाव की थीं।

एनजीआरआई और सीजीडब्लूयूबी ने भी जेपी कॉलोनी के जल–रिसाव पर कहा था कि इसके लिए 18 से 48 मीटर मोटाई का भूमिगत जल भंडार कारण हो सकता है। दरारें जोशीमठ, सडक़ों, खेतों सभी जगह उभर आती हैं। फ्लो फ्लड हुए तो दरारों के माध्यम से वहां पहुंचा पानी जमीन के भीतर भी ढीले मिट्टी पत्थरों को भीतर ही भीतर बहा कर आगे बढ़ा सकता है। इससे मकानों, भवनों, पिलरों की नींव सामग्रियों के कटान और बहाव से भवन, पुल आदि तिरछे हो सकते हैं, ध्वस्त हो सकते हैं।जोशीमठ के भूधंसाव के जोखिम छोटे से छोटे भूकंप के कारण भी निरंतरता में रहेंगे। जोशीमठ भूकंप सक्रियता के जोन 5 में पडऩे वाला क्षेत्र है।वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, देहरादून के वैज्ञानिक इसका भी अध्ययन कर रहे हैं कि क्या जोशीमठ की दरारों के लिए भूकंप जिम्मेदार हैं।

# कांवड़िए अपने आचरण को प्रेरक बनाएं

कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ जगहों पर हिंसा और कांवडियों के गुस्से में उबल पडऩे की घटनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी पर्व–त्योहार और साधना बिना आत्मानुशासन के पूरे नहीं होते।

कांवडियों के उग्र व्यवहार की घटनाएं पिछले कुछ दिनों से खबरें बनी हैं, और आम जन में इस प्रकार के उग्र आचरण का कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कहना पड़ा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान अनुशासन बना रहे तो यात्रा न केवल सुगम और सुरक्षित होगी, बल्कि आम जन के व्यापक विश्वास का भी यह प्रतीक बन सकेगी। कांवड़िए परस्पर संबोधन में और अन्यों द्वारा 'भोला' कहे जाने पर गद्गद् हो उठते हैं। और समूचा परिदृश्य शिवमय हो उठता है, एक प्रकार की सकारात्मकता का अनुभव होने लगता है। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान हर दिन ऐसी खबरें भी मिल रही हैं कि कांवड़ किसी के छू जाने पर खंडित करार देकर कांवड़िए उग्र रूप धारण कर लेते हैं, हिंसा, तोडफ़ोड़ पर उतारू हो जाते हैं। स्थिति की गंभीरता का इसी से पता चलता है कि दो दिन पहले उग्र कांवडियों ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने और कांवड़ यात्रा को सुगमता से पूरी कराने में तैनात पुलिसकर्मियों के वाहन तक में तोड़–फोड़ कर डाली। कई जगह राहगीरों को महज इस बात पर पीट डाला कि वे कांवड़ से बचकर नहीं निकल पाए और कांवड़ से छू गए। इस प्रकार का आचरण आम जन की आलोचना का कारण बन रहा है। और तो और उन योगी आदित्यनाथ तक को कांवडियों को नसीहत देनी पड़ी जिन्होंने संभवतः पहली बार सरकार के स्तर पर कांवडियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने की शुरुआत की। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान बीते दिनों की कुछ घटनाओं से व्यथित योगी तक को कहना पड़ा–शिवो भूत्वा शिवं यजेत अर्थात् शिव बनने के लिए शिव जैसी साधना भी चाहिए। कांवड़ यात्रा के दौरान, जिस भी राज्य से कांवड़िए गुजरते हैं, शासन–प्रशासन कांवडियों के लिए सुविधाएं जुटाने में पूरे मनोयोग से जुटता है, और यात्रा संपन्न होने पर राहत की सांस लेता है क्योंकि लाखों के जनसमूह में कोई भी अप्रिय घटना किसी भी क्षण घट सकती है। इसलिए शिव भक्त कांवडियों के लिए जरूरी हो जाता है कि अपने आचरण को प्रेरक बनाएं और आम जन को कोई असुविधा न होने दें ताकि कांवड़ यात्रा या कांवडियों के प्रति उनके मन में कोई खिन्नता पैदा न होने पाए।

## युवाओं को बेहतर भविष्य संजोने का मौका

कारगिल विजय दिवस पर छह राज्यों की भाजपा सरकार ने अग्निवीरों को तोहफा दिया है। गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों द्वारा यह जानकारी दी गई है।अग्निवीर जब सेना की अपनी सेवा के बाद वापस लौटेंगे तो उन्हें पुलिस और पीएसी में प्राथमिकतानुसार समायोजित किया जाएगा।अग्निवीर योजना केंद्र सरकार की ड्रीम योजनाओं में से है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2022 में शुरू की गई थी। इसके तहत 17 से 21 साल की आयु वाले युवाओं को भारतीय सेना में चार साल के लिए सेवा का अवसर दिया जा रहा है।आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में सैनिक स्तर पर भर्ती के लिए अग्निवीर योजना को लागू किया गया है। आम चुनाव के दौरान विपक्ष ने इस योजना को विशेष तौर से निशाने पर रखा था और इसे लगातार रद्द करने की मांग कर रहा है। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद इसे बंद करने की बात करते हैं।

हालांकि सरकार बार–बार इस योजना को लेकर दलील देती रही है कि कुछ राजनीतिक दल इस तरह की बातों से युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। अग्निवीरों के लिए आरक्षण की इस घोषणा के पीछे यही दबाव माना जा रहा है। चूंकि ये अल्पकालिक सेवाएं हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि चार साल बाद ये सेवामुक्त अग्निवीर पुनः बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए सरकार ने इन्हें निश्चित आरक्षण देकर इस विवाद को संभालने का प्रयास किया है। हालांकि कुछ समय पूर्व ही गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में दस फीसद पद आरक्षित करने का भी ऐलान किया गया है। साथ ही, अग्निवीरों में से पच्चीस प्रतिशत को पंद्रह सालों तक सेवा में बनाए रखने का प्रावधान भी जोड़ा गया। देश में बढ़ती जा रही बेरोजगारी सरकार के लिए कड़ी चुनौती बनती जा रही है।

# उग्र हिन्दुत्व–कितना उचित–कितना अनुचित

**भाजपा के सहयोगी दलों में लोक जनशक्ति पार्टी, जेडीयू और आरजेडी ने इसका विरोध किया । बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी । अब अचानक हरिद्वार प्रशासन ने मस्जिदों और मजारों को कपड़े से ढकने का आदेश दे दिया । यह स्पष्ट नहीं है कि यह आदेश स्थानीय प्रशासन का है या राज्य सरकार का । अब यह समझ से परे की बात है कि यदि कांवड़िए मस्जिद या मज़ार देख लेंगे तो उनकी यात्रा किस प्रकार खण्डित हो जायेगी?**

**अजय दीक्षित**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले दस साल से कार्यरत हैं । उनके निर्णय उग्र हिन्दुत्व की सीमा में आते हैं, ऐसा बहुत से राजनैतिक चिंतक मानते हैं । योगी आदित्यनाथ गोरखपुर स्थित गोरखनाथ पीठ के अधिष्ठाता हैं । भारत में गोरखनाथ पीठ की बहुत महत्ता है । कम उम्र में ही वे गोरखनाथ पीठ में शिष्य बनकर आये और शीघ्र ही उन्हें पीठाधीश्वर बना दिया गया । वे उत्तराखण्ड के राजपूत जाति के एक गरीब परिवार से आये थे । पीठाधीश्वर होने के साथ–साथ वे राजनीति में भी सक्रिय रहे और कम उम्र में गोरखपुर से लोकसभा के लिए चुन लिए गये । सत्ता ग्रहण करते ही उन्होंने पहले सफाई अभियान चलाया । तब सरकारी दफ्तरों और पुलिस थानों में ऐसा रद्दी सामान जो सालों से पड़ा था उसे साफ किया गया । स्वयं अधिकारियों ने अपने हाथ से कबाड़ को साफ किया ।

अयोध्या में रामलला के मंदिर बनने में उनका काफी योगदान है यद्यपि यह मंदिर सरकार ने नहीं बनवाया है । हां, अयोध्या और फैजाबाद की काया पलटने में योगी जी की सरकार ने काफी धन खर्च किया है और उनके व्यक्तिगत प्रयास से अब अयोध्या भारत के सभी नगरों से हवाई मार्ग से जुड़ गया है । रोड कनेक्टिविटी भी बढ़ी है । नई रेल गाडियां चलाई गई हैं । अब अयोध्या और फैजाबाद आधुनिक सुविधाओं से लैस है । कावड़ यात्रा के दौरान सावन में योगी जी ने आदेश निकाला कि कावड़ यात्रा के मार्ग में पडऩे वाली खाने–पीने की दुकानें व ठेले अपने मालिक व सभी कर्मचारियों के नाम लिखेंगे ।

भाजपा के सहयोगी दलों में लोक जनशक्ति पार्टी, जेडीयू और आरजेडी ने इसका विरोध किया । बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी । अब अचानक हरिद्वार प्रशासन ने मस्जिदों और मजारों को कपड़े से ढकने का आदेश दे दिया । यह स्पष्ट नहीं है कि यह आदेश स्थानीय प्रशासन का है या राज्य सरकार का । अब यह समझ से परे की बात है कि यदि कांवड़िए मस्जिद या मज़ार देख लेंगे तो उनकी यात्रा किस प्रकार खण्डित हो जायेगी? या तो 1947 में जब देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था तभी पूरी आबादी की अदला बदली हो जाती । परन्तु तब के भारत के नेताओं ने भारत को धर्म–निरपेक्ष देश घोषित किया । इसी से बहुत से राष्ट्रवादी मुसलमान पाकिस्तान नहीं गये । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी स्पष्टतः भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं कहता । उसका मानना है कि भारत के मुसलमान यहां के हिन्दू पूर्वजों की संतानें हैं । इस नाते वे भी हिन्दुत्व के डायरी के अन्तर्गत आते हैं । सरकारी खर्च पर कांवडिय़ों पर पुष्प वर्षा और कमाण्डो द्वारा कांवडिय़ों की यात्रा को सरल और सुगम बनाना उग्र हिंदुत्व ही कहा जायेगा, ऐसा बहुत से रजनैतिक चिंतकों का मानना है । भारत में छः अल्पसंख्यक माने जाते हैं –– बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई, पारसी और मुसलमान । इस समय भाजपा का कोई भी सांसद मुसलमान नहीं है । न ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कोई मुसलमान है । इससे यह चिंता सताती है कि क्या सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास कितना कारगर होगा । भारत धर्म निरपेक्ष देश है और यही भारत की शक्ति है । मस्जिदों या मज़ारों को ढकना किसी भी दृष्टि से सही कहना कठिन है । कोई मस्जिद देखकर कांवडिय़ों की यात्रा भंग नहीं होती । शिव स्वयं सर्वशक्तिमान हैं । वे अपने भक्तों की रक्षा करते हैं । शिव भक्त तो उदार और दयाशील होता है । शायद योगी जी भारत की सामाजिक संस्कृति को समझेंगे ।

# खेल खेल में का नया गाना दूर न करें हुआ रिलीज, वाणी कपूर के साथ रोमांस करते दिखे खिलाड़ी

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म सरफिरा में नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन दिनों सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म की ज्यादा चर्चा नहीं है। इस बीच खिलाड़ी की अगली फिल्म चर्चा में हैं। अक्षय कुमार अब खेल खेल में फिल्म में नजर आएंगे। आज इस फिल्म का नया गाना दूर ना करीं रिलीज हुआ है। इसमें वे वाणी कपूर के साथ रोमांस करते नजर आए हैं। इस गाने को विशाल मिश्रा और जहरा एस खान ने गाया है।

इस गाने को दूर न करें को विशाल मिश्रा और जहरा एस खान ने आवाज दी है। इस गाने के बोल गीतकार कुमार ने लिखे हैं। तनिष्क बागची ने गाने को कंपोज किया है। इस फिल्म में तापसी

पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे। एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जायसवाल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

अक्षय कुमार की इस फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म अगले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला कई चर्चित फिल्मों से होने वाला है। इनमें श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 और जॉन अब्राहम की वेदा जैसी फिल्में शामिल हैं।

अक्षय कुमार की इस फिल्म को टी–सीरीज और वकाओ फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। दर्शकों को अब फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है। ट्रेलर 2 अगस्त को मुंबई में एक भव्य इवेंट में लॉन्च होगा। खेल खेल में के थिएट्रिकल ट्रेलर को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा यू/ए सर्टिफिकेट दिया गया है, जिसका रन टाइम 3 मिनट 8 सेकंड बताया जा रहा है। अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा इसी महीने रिलीज हुई।

## रोहित शर्मा ने धीमी और टर्निंग पिचों पर खेलने को लेकर तैयार किया मास्टर प्लान

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत जस की तस रणनीति अपनाकर भविष्य में धीमी और टर्निंग पिचों के लिए अलग खिलाड़ियों का चयन कर सकता है। कोलंबो में टर्निंग पिच पर भारतीय बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों के जाल में फंस गए, जिससे भारत को 27 साल बाद श्रीलंका में पहली वनडे सीरीज गंवानी पड़ी। रोहित ने कहा कि हमें खिलाड़ियों को यह बताना होगा कि हम उनसे क्या चाहते हैं और अगर हमें परिस्थितियों के अनुसार खिलाड़ियों का चयन करना पड़े तो दुर्भाग्य से हम ऐसा कर सकते हैं। हम एक ऐसी टीम तैयार करने की कोशिश करेंगे जो सभी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर सके।

**'खिलाड़ियों में दिखी आत्मविश्वास की कमी'**

श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने भारतीय बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन पर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हमारे बल्लेबाजों की उनके स्पिनरों के खिलाफ निरंतरता देखने को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी दिखी, क्योंकि उस पिच पर हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिस पर हम खेलते हुए बड़े हुए हैं।

# गुजरात टाइटंस और आशीष नेहरा के रास्ते हो सकते हैं जुदा!

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 को शुरू होने में अभी काफी समय है, लेकिन इससे पहले ही बड़े बदलाव की सुगबुगाहट हो रही है। गुजरात टाइटंस और हेड कोच आशीष नेहरा के रास्ते जुदा हो सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि टीम के मालिक सीवीसी कैपिटल्स आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी से पहले कोचिंग स्टाफ में बदलाव करने का फैसला कर सकते हैं। हालांकि, इस पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। क्रिकबज के मुताबिक, गुजरात टाइटंस मैनेजमेंट अगले सीजन के लिए कोचिंग स्टाफ बदलने पर विचार कर रहा है। टीम के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी, हेड कोच आशीष नेहरा और इस टीम के पहले तीन साल के दौरान मेंटर व बल्लेबाजी कोच रहे

गैरी कर्स्टन का पत्ता काट सकते हैं। गैरी कर्स्टन पाकिस्तान टीम के कोच बन चुके हैं। अब तलवार मुख्य कोच आशीष नेहरा पर लटक रही है।

**बदल सकता है गुजरात का मालिकाना हक**

कोचिंग स्टाफ के अलावा गुजरात टाइटंस के प्रबंधन में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस टीम का मालिकाना हक सीवीसी से टोरेंट फार्मा या फिर अदानी समूह में से किसी एक के पास जा सकता है। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए फरवरी तक का इंतजार करना होगा। वहीं, खिलाड़ियों के रिटेन करने पर भी बीसीसीआई बड़ा फैसला ले सकता है।

**4 की जगह 6 खिलाडियों को कर सकते है रिटेन**

क्रिकबज के अनुसार, बीसीसीआई राइट टू मैच सहित 6 खिलाड़ियों तक रिटेंशन सूची बढ़ाने पर विचार कर रहा है, लेकिन बोर्ड मेगा ऑक्शन को खत्म करने के पक्ष में नहीं है।

# अजय के करियर की सबसे कमजोर फिल्म बनी औरों में कहां दम था, 5 दिन बाद भी 10 करोड़ से दूर

नीरज पांडे की डायरेक्शनल रोमांटिक थ्रिलर औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर बेदम हो चुकी है. फिल्म में हिट जोड़ी अजय देवगन और तबू ने लीड किरदार निभाया है. लेकिन इनकी स्टार पावर भी दर्शकों की सनेमाघरों तक नहीं खींच पा रही है. जिसके चलते औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. फिल्म रिलीज के पांच दिनों बाद भी 10 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. चलिए यहां जानते हैं औरों में कहां दम था ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है? औरों में कहां दम था के ट्रेलर आने के बाद से लग रहा था कि अजय देवगन स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी. हालांकि रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चारों खाने चित्त हो गई है. ये फिल्म अजय देवगन के करियर की सबसे खराब परफॉर्मर बन चुकी है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही चंद करोड़ कमाने के लिए तरस रही है. फिलहाल औरों में कहां दम था का महज पांच दिनों में ही टिकट काउंट पर हाल बेहाल हो गया है. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 1.85 करोड़ कमाए. दूसरे दिन 2.15 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया था जबकि चौथे दिन 1.04 करोड़ की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक औरों में कहां दम था ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को 90 लाख की कमाई की है. इसी के साथ औरों में कहां दम था का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 8.65 करोड़ रुपये हो गया है. औरों में कहां दम था को रिलीज हुए पांच दिन हो चुके हैं लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार बेहद स्लो बनी हुई है.

## 15 नहीं अब 14 अगस्त को रिलीज होगी स्त्री 2

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 अपनी रिलीज के नजदीक पहुंच रही है. स्त्री 2 को रिलीज होने में अब बस एक हफ्ता बचा है. इस बीच स्त्री 2 को लेकर बड़ा अपडेट आया है. स्त्री 2 आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने जा रही है, लेकिन फिल्म स्त्री 2 की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट आया है. अब फिल्म एक दिन पहले यानि 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है. बता दें, 15 अगस्त को जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की एक्शन ड्रामा फिल्म वेदा, अक्षय कुमार, फरदीन खान, एमी वर्क, आदित्य सील, तापसी पन्नू, प्रज्ञा जायसवाल, वाणी कपूर स्टारर कॉमेडी ड्रामा फिल्म खेल खेल में भी रिलीज होने जा रही है.

# बैट लेकर अपनी शादी में पहुंचा विराट कोहली का दोस्त

नई दिल्ली। भारत का हाल ही में श्रीलंका दौरा खत्म हुआ है। भारतीय क्रिकेटर ऑफ–सीजन का पूरा आनंद ले रहे हैं। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व स्पिनर शाहबाज अहमद ने डॉ. शाइस्ता अमीन नामक एक कश्मीरी युवती के साथ शादी कर ली। शाहबाज ने अमीन के साथ निकाह कर जीवन में एक नई यात्रा शुरू की है। भारतीय टीम के होनहार ऑलराउंडर शाहबाज अहमद आईपीएल में लोकप्रिय फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए चर्चा में आए थे। हालांकि, अहमद को सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीद लिया है। आईपीएल 2024 में शाहबाज को जब भी मौका मिला उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों

से उम्दा प्रदर्शन किया। आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण शाहबाज अहमद को भारतीय क्रिकेट टीम में 2022 में उन्होंने डेब्यू किया।

**10 अगस्त को दे सकते हैं रिसेप्शन**

अब उन्होंने एक नई पारी की शुरुआत की है। 29 साल के शाहबाज अहमद ने कश्मीर की मूल निवासी डॉ. शाइस्ता अमीन से विवाह किया। शादी समारोह परिवार की मौजूदी में कश्मीर परंपरा से हुआ। इसके अलावा इस समारोह में दुल्हन के घरवाले और करीबी दोस्त शामिल हुए। रिपोर्टों के अनुसार, अहमद 10 अगस्त को हरियाणा में अपने गृहनगर में एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन कर सकते हैं।

**साल 2022 में किया था टी20 डेब्यू**

बता दें कि शाहबाज के निकाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में वह हाथ में बल्ला लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ सफेद रंग की शेरवानी पहनी है। शाहबाज के साथ दो अन्य लोग भी मौजूद हैं। गौरतलब हो कि शाहबाज मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। कोविड महामारी के

## एक नजर

### मंत्री ने 34 सहायक अध्यापकों को दिए नियुक्ति पत्र

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में 34 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही कैबिनेट मंत्री डा. रावत ने नगर निगम के 120 कर्मचारियों एवं सफाई सेवकों सहित तहसील प्रशासन कर्मचारियों को सम्मानित किया कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड में अभी तक 564 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये हैं। बताया कि प्रथम चरण में 454, द्वितीय चरण में 76 और तृतीय चरण में 34 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी नूपुर वर्मा, मातवर सिंह रावत, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी, जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी, गणेश भट्ट, पंकज सती, कुशलानाथ, प्रमिला भंडारी, पूजा गौतम, देवेंद्र भट्ट, गणेश प्रसाद टम्टा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### रेखा नेगी बनीं जिला उपाध्यक्ष

श्रीनगर गढ़वाल :महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पौड़ी की जिम्मेदारी मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेसी रेखा नेगी ने शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला, प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी का आभार व्यक्त किया है। नेगी ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर वह संगठन को मजबूती देने का काम करेंगी। (एजेंसी)

### मेरिट के आधार पर प्रवेश देने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी को ज्ञापन प्रेषित किया। एबीवीपी के जशवंत सिंह राणा ने कहा कि सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर गढ़वाल विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। कहा कि उत्तराखंड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते दूरस्थ गांवों के छात्र-छात्राएं सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित नहीं हो पाएं है। जानकारी के अभाव में छात्र विषयों का सही चयन नहीं कर पाये हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए गढ़वाल विवि प्रशासन से रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर महिपाल, हिमांशु भंडारी, पंकज फर्सवाण, हर्षित नेगी, गौरव लिंगवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### बलिदान दिवस पर बाबा मोहन उत्तराखंडी को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने शुक्रवार को बाबा मोहन उत्तराखंडी के 20वें बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मूल निवास भू कानून समिति के गढ़वाल संयोजक अरुण नेगी एवं कीर्तिनगर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रमोहन चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की स्थाई राजधानी गैरसैंण को बनाए जाने के अडिग संकल्प को लेकर बाबा मोहन उत्तराखंडी ने 38 दिनों के भीषण आमरण अनशन के बाद अपने प्राणों का बलिदान दिया था। कहा कि 2 जुलाई 2004 को चमोली जनपद के बेनीताल में अपना अनशन शुरू करने वाले बाबा मोहन उत्तराखंडी की मांग को तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार ने नजरअंदाज किया, जिस कारण लगातार 38 दिन के अमरण अनशन के बाद 9 अगस्त 2004 को बाबा मोहन उत्तराखंडी ने राज्य के लिए अपना बलिदान दिया। लेकिन आज तक भी राज्य को अपनी स्थाई राजधानी नहीं मिल पाई है। वक्ताओं ने कहा कि बाबा मोहन उत्तराखंडी के बलिदान के इतिहास को स्कूली शिक्षा में शामिल करना चाहिए। (एजेंसी)

### व्यापार सभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** व्यापार सभा के चुनाव को लेकर शुक्रवार से विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। शनिवार को नामांकन प्रक्रिया होने के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शहर में व्यापार सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने नामांकन के साथ ही अपना चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है।

नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। व्यापार सभा चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी कमल किशोर रावत ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर विनय शर्मा व कुलदीप सिंह गुसांई ने नामांकन पत्र दाखिल किया,

# पशुपालकों के हित में काम कर रही सरकार : सौरभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों के हित में कार्य कर रही है। इसके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है। उन्होंने सड़कों पर घूमने वाले आवारा गोवंशों के संरक्षण की भी बात कही। कहा कि सरकार गोसंरक्षण के लिए जगह-जगह गौशाला का निर्माण करवा रही है। इस दौरान उन्होंने आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की भी अपील की।काशीरामपुर तल्ला स्थित गुलरपुल के समीप पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने संयुक्त रूप से फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ बहुगुणा ने कहा कि धरती पर जीवन बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन सैकड़ों व्यक्ति व विद्यार्थी पौध रोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प ले रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एकजुट होना होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, हरि सिंह पुंडीर, अनीता आर्य, सुनीता कोटनाला, जगमोहन रावत, कमल नेगी, जयदीप नौटियाल, मनीष भट्ट, जंग बहादुर रावत, कैलाश खुलबे, प्रकाश बलोदी, अमित भारद्वाज, मनोज कुंडलिया आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार पहुंचे पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा व विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता

# स्थापना दिवस पर किया पौधा रोपण, संरक्षण का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पौधा रोपण करते हुए उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतीय युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के पूर्व सदस्य आकाश नेगी की स्मृति में पौधा रोपण किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि 9 अगस्त 1960 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने युवाओं की सहभागिता के लिए मोर्चा संगठन के रुप में युवा कांग्रेस को मान्यता दी। वर्तमान में युवा कांग्रेस सामाजिक कुरीतियों को दूर करने सहित महिलाओं व शोषित वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यकम में युवा कांग्रेसियों ने त्याग, न्याय, शांति, सत्य के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमोद रावत, मनोज गुसांई, अनुज गुसांई, मनीष चातुरी, दीपक बिष्ट, मुकुल नेगी, सागर राजपूत, मो. रानू, अनुराग ध्यानी, विनय रावत, युवराज नेगी आदि मौजूद रहे।

पौधा रोपण करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी

# नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने वाले चाचा को बीस साल का सश्रम कारावास

## वर्ष 2022 में कोटद्वार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया था मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ले में अपनी नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी चाचा को विशेष सत्र न्यायाधीस (पोक्सो) की अदालत ने बीस वर्ष का सश्रम कारावास सुनाया है। दुष्कर्म के कुछ माह बाद किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि हुई थी। ममला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

दिसंबर 2022 में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी को उसके स्वजनों ने बेस अस्पताल में भर्ती करवाया। स्वजनों का कहना था कि उनके बेटी के पेट में तेज दर्द हो रहा है। चिकित्सकों के परीक्षण में किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे तत्काल जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया, जहां किशोरी ने एक शिशु को जन्म दिया।

मामला जानकारी में आने के बाद पुलिस ने किशोरी के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर किशोरी के चाचा के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित आकाश को गिरफ्तार कर लिया। बीती तीन अगस्त को विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) अजय चौधरी की अदालत ने आरोपित आकाश को मामले में दोषी पाते हुए सजा का फैसला सुरक्षित रख दिया। विशेष लोक अभियोजन (पोक्सो) विजेंद्र रावत ने बताया कि विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) अजय चौधरी ने आरोपित आकाश को बीस वर्ष का सश्रम कारावास सुनाया है। साथ ही बीस हजार रूपए के अर्थदंड की भी सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिकर के रुप में शिशु को दो लाख रूपए व पीड़िता को एक लाख रूपए दिए गए हैं।

### कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में आजादी के संघर्ष के नायकों को याद किया गया। इस दौरान सदस्यों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया महापुरुषों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु, सुभाष चंद्र बोस आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की अगुवाई कर रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आठ अगस्त 1942 को 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का आह्वान किया था। नौ अगस्त 1942 को भारत का ध्वज फहराया जाना था। लेकिन, अंग्रेजों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित शीर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को गिरफ्तार कर दिया। इसके बाद महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूणा आसिफ अली ने आजादी के संघर्ष की अगुवाई करते हुए गोवालियार टैंक मैदान में तिरंगा फहर-ाकर आजादी की अलख जगाई। कहा कि आजादी की लड़ाई में दिए गए महापुरुषों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। इस मौके पर केशर सिंह चौहान, गोपाल सिंह गुसाईं, रमेश चंद्र खंतवाल, दलीप सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, सतेंद्र सिंह बिष्ट, रंजना रावत, राजेंद्र गुसाईं, महावीर सिंह रावत, मनोज रावत, प्रवेश रावत, सुवेग जोशी, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, गबर सिंह रावत, संदीप रावत, विजय नेगी, जावेद, मो. स्वाले आदि मौजूद रहे।

### बदमाश ने व्यापारी की पत्नी को दिखाया चाकू

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदनगर मोहल्ले में एक बदमाश व्यापारी के घर में घुस गया। जैसे ही व्यापारी की पत्नी ने उसे देखा तो वह चाकू दिखाकर उसे डराने का प्रयास करने लगा। लेकिन, व्यापारी की पत्नी ने हिम्मत दिखाते हुए उसे धक्के देकर घर से बाहर कर दिया। इस संबंध में व्यापारी पारस भाटिया ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय उनकी पत्नी घर पर थी। इसी दौरान एक बदमाश उनके घर के अंदर घुसा और उनकी पत्नी को चाकू दिखाने लगा। बताया कि उनकी पत्नी ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश को धक्का देते हुए घर से बाहर किया और दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया। बताया कि इससे पहले युवक उनके घर के आसपास भी घूम रहा था। जो सीसीटीवी फुटेज में भी कैद है। वहीं, तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication** **दिनांक : 08.08.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 111-DRM-MB-24-25 dt. 08.08.2024 |
| Name of work | Misc. track works in connection with common user traffic facilities for GCT at DLP and NI work at babrala and DLP station under Sr. DEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 04.09.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 50,15,633.39 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,00,300.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 21.08.2024 |
| Period of Completion | 6 Months |

2478/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजना सन्तोषी पत्नी श्री सत्यकाम भूमि भाग खाता सं0 33 खेत सं0 68, 69 रकबा 158 वर्गमीटर ग्राम ध्रुवपुर, पट्टी सुखरौ, परगना भाबर, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल की मालिक काबिज है। यह कि उक्त सम्पत्ति की श्रृंखला में अंकित पूर्व विक्रय पत्र दिनांकित 12.12.2011 जो कि श्री रमेश सिंह पुत्र स्व0 श्री खुशाल सिंह (कुशाल सिंह) द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री गुणानन्द निवासी के हक में अंकित व निष्पादित की थी। जिसका पंजीकरण सब-रजिस्ट्रार कोटद्वार के यहां बुक सं0 01, जिल्द 332, पृष्ठ 214, ए0डी0एफ0 बुक सं0 1 जिल्द 367 पृष्ठ 305 से 312 मय सीरियल नं0 4795 दिनांकित 12.12.2011 को दर्ज व पंजीकृत है, मेरी व्यवहारिणी से कहीं खो गयी है तथा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रही है।

अतः यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त विक्रय पत्र मिले जो इस विज्ञप्ति के दिनांक के 15 दिन के अन्दर अधोहस्तारितकर्ता को सूचित करें।

दिनांक : 09-08-2024

(नीरज चावला)
एडवोकेट
ऑफिस-ओपो0 एस0डी0एम0 कोर्ट
देहरादून
मो0नं0 8057791577, 9412346827
(0340/21)


# शहीद मंदीप सिंह रावत की याद में किया पौधा रोपण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रीन आर्मी देवभूमि की ओर से शहीद मंदीप सिंह रावत की याद में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए भी जागरूक किया गया।

शुक्रवार को मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले कुछ दिन पूर्व हुई प्रतियोगिताओं के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। केवल पौधा रोपण ही नहीं बल्कि हमारा उद्देश्य पौधों को पेड़ बनाने तक उनकी बेहतर देख-रेख करना होना चाहिए।

इस दौरान आधार शिला रक्तदान समूह के सदस्य दलजीत सिंह, मंजू देवी ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को अपने जन्म दिवस पर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैप्टन गब्बर सिंह बिष्ट, सुमा देवी, प्रधानाचार्य चंद्र सिंह नकोटी, ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष शिवम नेगी, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष नेगी, ज्योति सजवाण, सत्येंद्र गुसाईं, सुशांत कोहली, शालिनी नेगी, ईशा चौधरी आदि मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधा रोपण करते सदस्य


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई–टेंडर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या | 96-DRM-MB-24-25 Dt. 07.08.2024 | 103-DRM-MB-24-25 Date: 07.08.2024 | 104-DRM-MB-24-25 Date: 07.08.2024 | 105-DRM-MB-24-25 Date: 07.08.2024 | 112-DRM-MB-24-25 Date: 08.08.2024 | 113-DRM-MB-24-25 Date: 08.08.2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Replacement of 6.1 m span girders by PSC slab in the section of ADEN/ HPU under Sr.DEN-IV/MB | Zone – NBD : AWP to NBD (Km. 1407 to 1500) and NBD to KTW (Km. 00 to 24) for service building and residential building for general road and wood work under ADEN/NBD. | Zone – GJL-2 : Gajraula to Muzzampur (excluding Gajraula and Muzzampur) all service buildings and residential buildings for road and wood work under ADEN/GJL. | Zone – GJL-1 : All residential and service buildings in between GMS-MB (Excluding GMS and MB) including wood, steel and road work under ADEN/GJL. | Zone – HPU-1 : All residential and service buildings in between GMS-GZB (Excluding GZB) including wood, steel and road work under ADEN/HPU. | Zone – HPU-2 : All residential and service buildings in between KRJ-MTC (Excluding MTC) including wood, steel and road work under ADEN/HPU. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 03.09.2024 (16:00 hrs.) | 03.09.2024 (16:00 hrs.) | 03.09.2024 (16:00 hrs.) | 03.09.2024 (16:00 hrs.) | 03.09.2024 (16:00 hrs.) | 03.09.2024 (16:00 hrs.) |
| अनुमानित लागत(र) | ₹93,27,487.18 | ₹1,19,97,883.48 | ₹59,99,208.14 | ₹69,99,974.77 | ₹1,19,99,992.75 | ₹50,00,000.05 |
| धरोहर राशि(र) | ₹1,86,600.00 | ₹2,10,000.00 | ₹1,20,000.00 | ₹1,40,000.00 | ₹2,10,000.00 | ₹1,00,000.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 20.08.2024 | 20.08.2024 | 20.08.2024 | 20.08.2024 | 20.08.2024 | 20.08.2024 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह | 09 माह | 09 माह | 09 माह | 09 माह | 09 माह |

निविदा सं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 08.08.2024 2475/2024

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE


# उक्रांद के संस्थापक सदस्य स्व. मदन मोहन नौटियाल को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल के सदस्यों ने दल के संस्थापक सदस्य स्व. मदन मोहन नौटियाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा शांति के लिए भी प्रार्थना की। कहा कि समाज सेवा में दिए गए नौटियाल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्यों ने स्व. मदन मोहन नौटियाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। उक्रांद के मार्गदर्शक बोर्ड के अध्यक्ष डा. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन की लड़ाई में स्व. मदन मोहन नौटियाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने मथुरा प्रसाद बमराड़ा, कृपाल सिंह रावत सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर 1976 में उत्तराखंड राज्य युवा मोर्चा का गठन किया था। कहा कि स्वर्गीय मदन मोहन नौटियाल उत्तराखंड राज्य बनने तक उत्तराखंड आंदोलन से जुड़े रहे और उन्होंने उत्तराखंड आंदोलन के संदर्भ में पुस्तक भी लिखी। कहा कि राज्य को बेहतर मार्ग पर ले जाने के लिए दिया गया स्व. मदन मोहन नौटियाल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालो में जगदीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, सत्यप्रकाश भारद्वाज, पितृशरण जोशी, पुष्कर सिंह रावत, सत्यपाल सिंह नेगी, राजेंद्र पंत, भारत मोहन कला, विनोद चौधरी, गिरीश चंद्र घनसेला, रामचंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पौड़ी में शुक्रवार को कंडोलिया में पौध रोपण का आयोजन किया गया। कहा कि यह कार्य केवल प्रतीकात्मक नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस दौरान युवा कांग्रेस के सदस्यों ने संदेश दिया गया कि हम सब ऐसा कार्य करें जो न केवल आज के लिए बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी फायदेमंद हो। पेड़ हमारे जीवन का आधार है वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, और पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखते हैं। कहा कि आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में पेड़ लगाना हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि हमारे संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी, प्रदेश सचिव संजना गुजराल, नितिन रावत, जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, विजयदर्शन बिष्ट, अमन, मुकुल,आयुष, देवेंद्र, उज्ज्वल, शुभम आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने प्रशासनिक भवन में की तालाबंदी, कुलपति का फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में शुक्रवार को भी छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के हल की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करते हुए कुलपति का पुतला फूंका। चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने परिसर में एमकॉम कोर्स संचालित करवाने व सीयूईटी के रिजल्ट में हो रहे विलंब को देखते हुए प्रथम वर्ष के दाखिले मेरिट के आधार पर करवाने की मांग भी की।शुक्रवार को प्रशासनिक भवन में तालेबंदी के दौरान छात्र नेताओं ने कुलपति का पुतला फूंका। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान व बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। परिसर में 2015 से बीकॉम संचालित किया जा रहा है, लेकिन एमकॉम करने के लिए छात्रों को मुक्त विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो अग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर लवीश नेगी, खुशी, रिया, मानसी, हिमांशु, सागर, मानसी सिंह, ऋषभ बलूनी, आदि शामिल रहे।


**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।**
**उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांकः- 2891/18ए0सी0 दिनांकः- 31/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 16/08/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/08/2024 से 14/08/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 16/08/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में मालन नदी पर क्षतिग्रस्त 325 मी0 स्पान सेतु के मोटाढाक की ओर से वैकल्पिक मार्ग का मरम्मत व सुरक्षात्मक कार्य। | 45,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में मालन नदी पर क्षतिग्रस्त 325 मी0 स्पान सेतु के मोटाढाक की ओर से वैकल्पिक मार्ग के Upstream में विंगवॉल का सुरक्षात्मक कार्य। | 45,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 17/08/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
दुगड्डा (गढ़वाल)

(0341/57)

## एक नजर

### बीएड प्रवेश परिणाम घोषित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि ने बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। बीएड प्रवेश परीक्षा के संयोजक प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि बीते 2 जून को 15 परीक्षा केंद्रों में गढ़वाल विवि की बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई थी। जिसमें 5752 अभ्यार्थियों परीक्षा में सम्मलित हुए थे। उन्होंने बताया कि गढ़वाल विवि ने शुक्रवार को बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। छात्र-छात्राएं गढ़वाल विवि की वेबसाइट से अपना परीक्षाफल डाउनलोड कर सकते हैं। (एजेंसी)

### छात्र संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में प्रति कुलपति की नियुक्ति सहित फीस वृद्धि किए जाने, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली की जांच किए जाने सहित अन्य मांगो पर कार्यवाही न होने पर जय हो छात्र संगठन ने रोष व्यक्त किया है। शुक्रवार को मांगों पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने विवि के कुलसचिव से वार्ता की। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि नियुक्तियों और पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली की जांच किए जाने, फीस वृद्धि को वापस लिये जाने, प्रति कुलपति को पद से हटाये जाने कि मांग कि जा रही थी, लेकिन विवि प्रशासन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि जल्द मांगों कार्रवाई नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर पुनीत अग्रवाल, विरेंद्र सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### गढ़वाल विवि के छात्रों का धरना जारी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में आरक्षित सीटों को सामान्य किए जाने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में धांधली किए जाने और विवि प्रशासन से रोस्टर दिखाये जाने सहित अन्य मांगों को लेकर एबीवीपी और आर्यन छात्र संगठन का धरना शुक्रवार को गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन गेट के समीप जारी रहा। धरने में बैठे एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अमन पंत ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बिना रोस्टर के आरक्षित सीटों को सामान्य वर्ग में कर दिया गया। जब विवि से इस संबंध में रोस्टर मांगा जा रहा है तो अधिकारी रोस्टर नहीं दिखा पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि गढ़वाल विवि में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में बड़ी संख्या में गड़बड़ी हुई है। साथ ही लाइब्रेरियन और डिप्टी लाइब्रेरियन व प्रोग्रामर की आरक्षित सीट को बदलकर भी सामान्य कर दिया गया है। (एजेंसी)

### नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीजीआर परिसर के विधि विभाग में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नशे से दूर रहने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रामप्रकाश ने छात्रों को विभिन्न कानूनी जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी गई। परिसर निदेशक प्रो. यूसी गैरोला ने नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### बंदर ने महिला को किया घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नगर पंचायत क्षेत्र में एक महिला को बंदरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया है। बुजुर्ग पर बंदरों के हमले के चलते क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को वार्ड नंबर 4 में रहने वाली 52 वर्षीय महिला सर्वेश्वरी जब अपने घर की चौक पर बैठी हुई थी तभी बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। महिला के चेहरे और गले पर चोटे आई है।

महिला का सतपुली बाजार के एक निजी क्लीनिक में उपचार कराया जा रहा है। महिला के पति आलम सिंह व पड़ोसियों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

### चौहान अध्यक्ष और भट्ट बनें सचिव

नई टिहरी : नगर पालिका के ठेकेदार संघ की बैठक में लंबित समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया। कहा कि कई ठेकेदारों का लंबे समय बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। जिस कारण उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने ईपीएफ को पंजीकरण में जरूरी न किया, लंबित भुगतान तत्काल किया जाए।

# डीएम ने लिया भराडीसैंण में व्यवस्थाओं का जायजा

### भराडीसैंण में 21 से 23 अगस्त तक विधानसभा का मानसून सत्र प्रस्तावित

चमोली : गैरसैंण में होने वाले विधानसभा मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को भराडीसैंण में सभी नोडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सत्र की व्यवस्थाओं के लिए नामित सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा परिसर, वीवीआईपी, वीआईपी, अधिकारियों के आवास एवं बैरिकेडिंग स्थलों का निरीक्षण भी किया। भराडीसैंण में आगामी 21 से 23 अगस्त तक विधानसभा का मानसून सत्र प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून सत्र के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, आवास, भोजन, सड़क, पेयजल, विद्युत, वाहन, साफ सफाई आदि समुचित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाए। सत्र के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़क पर नालियों की सफाई और मलबे का निस्तारण कर सडकों को गड्ढा मुक्त किया जाए। प्रमुख स्थानों पर साइनेज लगाए जाएं। अस्थाई चिकित्सालय और दूरसंचार व्यवस्था दुरूस्त रखी जाएं। उन्होंने कहा कि सत्र की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार से चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मानसून सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग, वाच टावर, बैरियर लगाने को कहा। सुरक्षा बलों के लिए आवास, भोजन आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जल निगम को विधानसभा के सभी आवासों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए। महत्वपूर्ण स्थानों पर पेयजल टैंकर की समुचित व्यवस्था करने को कहा। गौचर, भराड़ीसैंण, सलियाना बैंड स्थित हेलीपैड में फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, सेफ हाउस, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, डीएफओ कल्याणी नेगी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम एसके पांडेय, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान सुशील कुमार, सीएमओ डॉ. राजकेश पांडेय आदि सहित भोजन, आवास, पेयजल, विद्युत, सफाई, वाहन आदि व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## बाइक सवार दादा-पोती के पीछे दौड़ा गुलदार



नई टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग के समीप कोटी गांव में बाइक में स्कूल जा रहे दादा-पोती के पीछे गुलदार दौड़ने से उनकी सांस अटक गयी। बाइक को पूरी गति से चलाकर दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक ने वन विभाग को गांव में पिंजरा लगाने के निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कोटी निवासी विजय कोटियाल रोज की तरह अपनी 14 वर्षीय पोती प्रियांशी को बाइक से स्कूल छोड़ने देवप्रयाग जा रहे थे। गांव से थोड़ा आगे निकलते ही अचानक सड़क के नीचे झाड़ियों में छिपा गुलदार बाइक के पीछे दौड़ने लगा। बाइक के पीछे बैठी प्रियांशी पर गुलदार द्वारा झपटने की कोशिश करते देख विजय कोटियाल ने हिम्मत दिखाते हुए बाइक को पूरी गति से दौड़ा दिया। सड़क पर जमा पानी और गड्ढों से किसी तरह बाइक को निकालते हुए विजय कोटियाल काफी आगे जाकर रुके। गुलदार द्वारा करीब दो सौ मीटर तक बाइक का पीछा करने के बाद वह झाड़ियों में गुम हो गया। गुलदार से बच निकलने पर दादा-पोती ने राहत की सांस लेते हुए ईश्वर का धन्यवाद दिया। घटना की जानकारी लगते ही कोटी सहित निकटवर्ती गांवों में गुलदार की दहशत बन गयी। ग्रामीणों के अनुसार कुछ समय से मादा गुलदार दो शावको की साथ यहां दिखाई दे रही है। वही ग्रामीणों ने सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियों को न हटाने व क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न किये जाने पर लोनिवि के प्रति गहरा रोष जताया है। उधर घटना की जानकारी होते ही विधायक विनोद कंडारी ने रेंजर से कोटी गांव में पिंजरा लगाने वन कर्मियों की गश्ती टीम तैनात करने के निर्देश दिये। (एजेंसी)

### केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों को दे रही बढ़ावा

नई टिहरी : जिला किसान सभा ने थौलधार ब्लॉक के किरगणी में संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर कारपोरेट भारत छोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक की। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है। आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहा है।

लेकिन सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं की चिंता न कर कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचा रही है। शुक्रवार को आयोजित किरगणी में गुलाब सिंह कठैत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष भगवान सिंह राणा ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने कहा कि आजादी से पूर्व लोगों ने अंग्रेजों तुम भारत छोड़ो का नारा बुलंद किया था। लेकिन अब कारपोरेट भारत छोड़ो का नारा तेजी से प्रचलित हो रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर ली अफसरों की बैठक

रुद्रप्रयाग : स्वतंत्रता दिवस को लेकर शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। जनपद के अमृत सरोवरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित करने, खेल विभाग को क्रॉस कंट्री दौड़ एवं फुटबॉल प्रतियोगिता अयोजित करने के निर्देश भी दिए।

खेल विभाग ने बताया कि 10 अगस्त से अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग में इसके लिए खेल मैदान अगस्त्यमुनि में पंजीकरण शुरू कर दिए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी शासकीय भवनों को प्रकाशमय किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देशित किया। इसी तरह 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम व देश भक्ति के गीतों का प्रसारण करने लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बताया कि हर घर तिरंगा को लेकर 15 अगस्त को सभी गांव, शहरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाने के लिए समस्त कर्मचारी, विद्यार्थी स्व प्रेरित होकर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे। बताया कि शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि प्लास्टिक के झंडे का प्रयोग न किया जाए। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पेट्रोल पंप तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सभी शिक्षण संस्थानों व शासकीय कार्यालयों में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान गायन किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने परिसर में पौधरोपण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा ऑपरेशन पराक्रम की सैन्य विधवाओं अथवा आश्रितों को ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा।

साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं सैन्य विधवाओं अथवा आश्रितों को पूर्व की भांति इस वर्ष भी शाल भेंट किए जाएंगे। जिला मुख्यालय, स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में परियोजना निदेशक विमल कुमार, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल गुसाईं आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय पर करें : डीएम

### डीएम ने दिये नगर आयुक्त कोटद्वार, अधिशासी अधिकारी जौंक के वेतन रोकने के निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व की मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व, रेगुलर पुलिस, पूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, राजस्व वसूली, लंबित वाद सहित अन्य की अभी तक की गई कार्यवाही पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पौड़ी, श्रीनगर, यमकेश्वर व कोटद्वार को स्खत चेतावनी देते हुए कहा कि तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

शुक्रवार को बैठक में नगर आयुक्त कोटद्वार व नगर पंचायत जौंक अधिशासी अधिकारी अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित राजस्वों वादों को समय पर निस्तारण करने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को दिये। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि वसूली के कार्यों की प्रगति बढ़ाने व बड़े बकायादारों पर वसूली की कार्यवाही तेजी से करें। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग व आरटीओ को शराब पीकर वाहन चलाने पर नियमित चेकिंग अभियान चलाने के साथ ही कच्ची शराब की बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को कहा कि पार्किंग व हाउस टैक्स की वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को ट्रांजिट हॉस्टल के लिए भूमि चयनित करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान पुलिस अधिकारी व समस्त उपजिलाधिकारी को नये थाने खोलने हेतु बैठक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिससे राजस्व गांवों को राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर किये जा सकेंगे। इस दौरान डीएम ने आबकारी अधिकारी को वसूली में तेजी लाने व जिला पूर्ति अधिकारी को दुकानों में छापेमारी बढ़ाने के साथ ही उच्च गुणवत्ता की राशन वितरण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अवैध रूप से हो रहे खनन क्षेत्रों में खनन अधिकारी व उपजिलाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए छापेमारी करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिता जोशी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, लैंसडौन शालिनी मौर्य, सीओ पुलिस अनुज, आरटीओ द्वारीका प्रसाद, जिला पूर्ति अधिकारी अरूण कुमार वर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुसुम तड़ियाल, तहसीलदार पौड़ी दीवान सिंह राणा, श्रीनगर धीराज सिंह, कोटद्वार साक्षी उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व पटल सहायक उपस्थित थे।

## शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष बनें आशाराम पंत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व खंड विकास अधिकारी आशाराम पंत को अध्यक्ष, महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक राम सिंह नेगी को महासचिव चुना गया। नव नियुक्त अध्यक्ष आशाराम पंत ने कहा कि छात्रों एवं संस्था के विकास में जो भी सहयोग ज़रूरी होगा वह उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में महिधर प्रसाद नौटियाल को उपाध्यक्ष, हर्षबर्धन कंडारी को सह सचिव, सुरेशलाल को कोषाध्यक्ष, पूनम और सुषमा देवी को सदस्य नामित किया गया। संरक्षक (पदेन) प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में शिक्षक के साथ-साथ उनके अभिवावकों की भी उतनी ही भूमिका है।

बीएड विभागाध्यक्ष डा. प्रवेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सहयोग की भावना से ही संस्था का विकास संभव है। महासचिव राम सिंह नेगी ने कहा कि गाड़ी के पहियों की तरह किसी भी संस्था को गति प्रदान करने के लिए उसके मजबूत अंगों का सहयोग ज़रूरी है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा. श्याम मोहन सिंह, डा. शिवेंद्र सिंह, डा. लक्ष्मी जुगरान, डा. दुर्गेश नंदिनी, डा. गोपेश कुमार सिंह, डा. वीरेंद्र चंद आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, तैयारी शुरू

नई टिहरी : स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिलेभर में राष्ट्रीय पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि 15 अगस्त को सभी सरकारी, गैर सरकारी इमारतों में विभागाध्यक्ष और कार्यालयाध्यक्ष सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। कलक्ट्रेट में साढ़े 9 बजे और मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रताप इंटर कॉलेज बोराड़ी में मुख्य अतिथि 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। सुबह 7 बजे से शिक्षण संस्थाओं के छात्र–छात्राएं प्रभातफेरी निकालेंगे। डीएम मयूर ने सभी विभागों को कार्यालयों में सफाई अभियान चलाने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके घर जाकर सम्मानित करने, स्मारकों व प्रतिमाओं, पार्कों सहित महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर सफाई, रंग रोगन व सौंदर्यीकरण कराने, स्कूलों में विचार गोष्ठी, निबंध, कविता प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। 14 अगस्त को विभिन्न आयु वर्ग में बालक व बालिकाओं की क्रॉस कंट्री रेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। 14 व 15 अगस्त को गाइडलाइन के अनुसार सभी सरकारी भवनों व स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक स्मारकों को प्रकाशित किया जाएगा। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौराहों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति के गीतों का प्रसारण जिला सूचना अधिकारी कराएंगी। डीएम ने 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत फ्लैग ऑफ कोड का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का सोशल मीडिया पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के विषय को जन समुदाय के बीच प्रचारित और प्रसारित के भी डीएम ने निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

### विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

नई टिहरी : मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने शुक्रवार को ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग से पाली गांव तक बनने वाली एक किमी सड़क का शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत महड़ अंतर्गत राज्य सेक्टर और मनरेगा में 34 लाख लागत से बनने वाली इस सड़क से पाली गांव राजमार्ग से सीधा जुड़ जायेगा। विधायक कंडारी ने कहा कि पाली गांव के निवासियों को सड़क बनने से बारिश में पैदल रास्तों को टूटने से होने वाली मुश्किलों से निजात मिलेगी। इस मौके पर बीडीओ वीरेंद्र कठैत, स्वामी नरेंद्र गिरी, शशि ध्यानी, कुंदन बिष्ट, सुभाष डोभाल, सुनीता डोभाल, भुवनेश्वरी, प्रकाश कुकरेती आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### केंद्र सरकार ने बर्वाद कर दी खेती और किसानी

रुद्रप्रयाग : सीटू जिला कमेटी और अखिल भारतीय किसान सभा जिला काउंसिल रुद्रप्रयाग द्वारा संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर ऊखीमठ और बसुकेदार में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों के हितों पर हो रहे कुठाराघात को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभी ने उप जिलाधिकारी ऊखीमठ मे माध्यम से 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और जिलाधिकारी को प्रेषित किया। ऊखीमठ तहसील में धरना प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम सेमवाल ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा पूरे देश भर में किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर दोबारा आंदोलित हो गया है। अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट पूंजीपतियों के दबाव में पूरे देश की खेती किसानी को पूंजीपतियों को बेच दी है

## अफसर अतिक्रमण और जैव चिकित्सा अवशिष्ट को लेकर गंभीरता से कार्य करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में नमामि गंगे के अंतर्गत जिला स्तरीय गंगा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों से संबंधित अधिकारियों को नाला टेपिंग, सीवरेज निर्माण, बायो मेडिकल निस्तारण, अतिक्रमण हटाना, ठोस कूड़ा निस्तारण, जैव चिकित्सा अवशिष्ट निस्तारण पर गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने फ्लड प्लेन जोन की रिपोर्ट न होने पर सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि फ्लड प्लेन जोन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही फ्लड प्लेन जोन का निरीक्षण करते रहे जिससे अतिक्रमण का पता लग सके। जिलाधिकारी ने बायो मेडिकल वेस्ट की जानकारी लेते हुए कहा कि पीएचसी व संबंधित एमओआईसी से बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण का सर्टिफिकेट उपलब कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जौंक व अन्य क्षेत्रों में होटल, धर्मशाला, कैम्प व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान सीवरेज लाइन से नहीं जुड़े वे शीघ्र ही अपने सीमा के अंतर्गत छोटे बायो डाईजस्टर बनाये। कहा कि उक्त कार्यवाही न करने पर संबंधित स्वामियों को नोटिस जारी करें। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, एसीएमओ डॉ. पारूल, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जयंती पर भगवान नर नारायण की पूजा की

चमोली : बदरीनाथ धाम में भगवान नर नारायण की जयंती शुक्रवार को शुरू हुई हो गई। सुबह भगवान श्री नर नारायण की विग्रह मूर्ति समारोह पूर्वक मंदिर परिसर से माता मूर्ति मंदिर को प्रस्थान हुई।

माता मूर्ति मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना संपन्न हुई। शनिवार को भगवान नर-नारायण के अभिषेक और श्री बदरीनाथ भ्रमण के साथ ही जयंती का समापन हो जाएगा। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि भगवान नर नारायण के जन्म उत्सव के अवसर पर शुक्रवार सुबह बदरीनाथ मंदिर में बाल भोग के पश्चात भगवान नर नारायण की विग्रह डोली बदरीनाथ मंदिर परिसर से माता मूर्ति मंदिर माणा पहुंची। जहां धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट, माता मूर्ति मंदिर के पुजारी सुशील डिमरी ने भगवान नर नारायण की पूजा की और अभिषेक संपन्न किया। दोपहर डेढ़ बजे नर नारायण की विग्रह मूर्तियां श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर में वापस विराजमान हो गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण ने श्री बदरीनाथ धाम में तपस्या की तथा सहस्त्रकवच दैत्य के अत्याचार से मुक्त किया। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान सहित माणा, बामणी, पांडुकेश्वर के हक-हकूकधारी तीर्थ पुरोहित तीर्थयात्री, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। 10 अगस्त शनिवार को भगवान नर नारायण भगवान की विग्रह मूर्तियां बदरीविशाल के जन्मस्थल लीला ढुंगी पहुंचेंगी। जहां भगवान नर नारायण का अभिषेक संपन्न होगा। इसके बाद भगवान नर नारायण श्री बदरीनाथ धाम का भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। श्री बदरीनाथ भ्रमण पश्चात भगवान नर नारायण बदरीनाथ मंदिर परिसर में वापस विराजमान हो जाएंगे। (एजेंसी)

### भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान 11 से 15 तक

नई टिहरी : भाजपा का 11 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। इस दौरान प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मंडलवार प्रभारी भी नियुक्त किए। कहा कि 9 और 10 अगस्त को कार्यक्रम के लेकर प्रत्येक मंडल में बैठकें होनी चाहिए।

कहा कि कार्य को हर कार्यकर्ता गंभीरता से लें। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक का जिले के सहप्रभारी रमेश चौहान और जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिए हर व्यक्ति के अंदर भारत के गौरवशाली संस्कृति विरासत और देश प्रेम की भावनाएं होनी चाहिए। कहा कि 11 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए। कहा कि मंडल से लेकर बूथ तक कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठकें संपन्न होनी चाहिए। साथ ही मंडल, शक्ति केंद्र और बूथों में तिरंगा यात्रा भी निकाली जानी चाहिए।

## तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर भाजपा ने की चर्चा

रुद्रप्रयाग : भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर बैठक का आयोजित की गई। जिसमें 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा को दोनों विधानसभाओं में भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली जाएगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शिरकत करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी व प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम हमारे प्रधानमंत्री की एक विराट सोच का ही नतीजा है कि हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश भर में 5 लाख वृक्षारोपण किया गया। जो भविष्य में भी सतत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के दिशा निर्देश पर 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। युवा मोर्चा इसमें अहम भूमिका निभायेगा। कहा कि 12 से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम किया जाएगा। 13 से 14 अगस्त महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण कार्य होगा। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला प्रभारी ऋषि कंडवाल, दीना नेगी, पार्वती गोस्वामी, अरुण चमोली, संपूर्णानंद सेमवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com